# न्यूज 12 भारत

सच्ची बात

डिजिटल मीडिया

Website : www.news12bharat.com

संस्करण : धनबाद | शुक्रवार 19 अप्रैल 2024 | Reg. DL 020009956 | E-mail : www.news12bharat@gmail.com | पृष्ठ : 2 | मूल्य : 3 रुपया


## एक नजर

### व्यवसायिक संघ द्वारा राम भक्तों की सेवा शिविर का आयोजन किया गया



(न्यूज12 भारत)

बेरमो/बेरमो अनुमंडल क्षेत्र के अंतर्गत व्यावसायिक संघ कथारा के द्वारा रामनवमी पर्व पर कथारा चौक के आसपास रामनवमी जुलूस में शामिल राम भक्तों के लिए सेवा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें चना, गुड़,शरबत,फल, पेयजल,उपलब्ध भरपूर मात्रा में कराया गया। इस अवसर पर व्यावसायिक संघ कथारा के पदाधिकारी ने कहा कि धार्मिक उत्साह और संस्कृति परंपरा का संगम रामनवमी के अवसर पर प्रत्येक साल हम लोग के संघ के तरफ से राम भक्त श्रद्धालुओं की सेवा की जाती है। तथा रामनवमी अखाड़े न केवल धार्मिक उत्सव भी है,बल्कि संस्कृति के द्वारा और राष्ट्रीय पहचान का प्रतीक भी है यह आने वाली पीडियो को प्रेरणा देते रहेंगे और भारत की समृद्ध संस्कृति को जीवंत रखने में योगदान देंगे। इस मौके पर सैकड़ो संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के नेता एस के बक्शी की तीसरी पुण्यतिथि




(न्यूज12 भारत)

तिसरा। बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के नेता एस के बक्शी की तीसरी पुण्यतिथि गुरुवार को यूनियन कार्यालय गोलकडीह मैं संपन्न हुई उनके चित्र पर संगठन की ओर से माल्यार्पण किया गया। 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के क्षेत्रीय सचिव तुलसीदास ने बताया कि एस के बक्शी हमेशा मजदूरों के लिए काम करते थे संगठन और पार्टी से मतलब नहीं था कोई भी मजदूर किसी काम से भी जाते हैं तत्काल उनका काम करने के लिए आगे रहते हैं इसलिए मजदूरों के प्रिया थे उनका हक और अधिकार हमेशा लड़ते थे खासकर ठेका मजदूर का न्यूनतम मजदूरी जमीन के बदले किसानों का नौकरी मुआवजा के लिए हमेशा संघर्ष किया आज उनकी कमी कर रही है उनके बताए गए रास्ते पर चलकर ही हम सच्ची श्रद्धांजलि देंगे। मौके पर तेजेंद्र वर्मा दिलीप नाग प्रदीप रवानी जय नारायण मल्लाह अभिजीत हलधर और बनवारी शर्मा धीरज प्रमाणिक गंगाधर यादव अलीमुद्दीन बबलू मुंडा आदि थे|

### रोटरी गया सिटी ने बच्ची की शादी में 21000 की आर्थिक मदद की



(न्यूज12 भारत)

गया। रोटरी गया सिटी के सदस्यों ने सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए एक बच्ची की शादी में 21000 की आर्थिक मदद की। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के रामधनपुर बिचली गली के रहने वाले देव कुमार प्रसाद की पुत्री शालिनी कुमारी की शादी में आर्थिक रुप से मदद की। शालिनी के पिता को 21000 की राशि आर्थिक सहयोग के रूप में दी गई। इस दौरान शालिनी के पिता देव कुमार प्रसाद ने भावुक होते हुए कहा कि अगर समाज में ऐसे मदद करने वाले लोग रहेंगे तो किसी भी जरूरतमंद को कभी कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होंने बताया कि गुरुवार की शाम ही उनकी बेटी की बारात आनी है। ऐसे में 21 हजार की आर्थिक मदद उनके लिए बड़ा महत्व रखता है। इस दौरान रोटरी गया सिटी के अध्यक्ष विजय भलोटिया के साथ डॉ नवनीत निश्चल ने लड़की के पिता को यह राशि रोटरी गया सिटी की ओर से सौंपा। इस दौरान उन्होंने रोटरी गया सिटी के इस तरह के सामाजिक कार्यों की सराहना की और क्लब को 11 हजार का चेक सहयोग के रूप में दिया। इस दौरान डॉ टी शर्मा , डॉ गुंजन , कांतेश कुमार सिन्हा, अरविंद कुमार सिन्हा व रामधनपुर से आए हुए कुमार निशांत व अन्य लोग मौजूद रहे।

# नक्सल प्रभावित क्षेत्र में खासा इंतजाम

## जिलाधिकारी डा एसएम त्यागराजन एवं एसएसपी आशिष भारती ने कहा - नक्सल प्रभावित क्षेत्रों को चुनाव आयोग लाइव देखेगा

(न्यूज12 भारत)

गया।गया लोकसभा चुनाव क्षेत्र में जाने के लिए मतदान कराने वाले मे देखा गया काफी उत्साहित।वही इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी डा एस एम त्यागराजन एवं सिनीयर एस एस पी आशिष भारती ने कहा कि पोलिग पार्टी एव पुलिस बल का विमान हो रहा है सब लोग का वाहन व्यवस्था के साथ जोडा गया है। पुरी सुरक्षा के साथ ईवीएम की सुरक्षा के साथ अपने अपने बुथो पर पहुच





जाएगा,पेयजल और सभी व्यवस्थाएं बुथ पर की गई चुनाव आयोग के निर्देश के आलोक में बुथ पर व्यवस्था अच्छा रहेगा,कुछ मोडल मतदान केंद्र की व्यवस्था किया गया है, कुछ महिला मतदान केंद्र कि व्यवस्था किया गया है।कुछ मतदान केंद्र दिव्याग द्वारा मे संचालित रहेगा, कुछ मतदान केंद्र युवा वोटर को प्रेरित करने वाले भी रहेगा, गया जिला में उत्साह है। मतदान का प्रयोग करें। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में काफी व्यस्था किया गया है इस श्रेत्रो का डायरेक्ट चुनाव आयोग लाइव देखेगा,

डिस्पेच में पोलिग पार्टी एवं पुलिस का मिलान हो रहा है यह अपने बुथ पर पहुचकर पुरी तैयारी करेगे कल से पुरी तैयारी से मतदान कराएगे,अभि तक सभी लोग ईवीएम लेकर निकल रहे हैं।सभी जगह निगरानी रखे हुए हैं कोई भी वोटर को दिक्कत नहीं हो,उसकी स्थिति ठिअ कराई जा रही है जहा भी सेसटीव इलाका है वहा भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### मोटर साइकिल पैट्रोलिग का भी व्यवस्था किया गया है


एस एस पी आशिष भारती ने कहा कि कल नौ विधानसभा क्षेत्र मे लोकसभा चुनाव कि वोट पडेगे नक्सल प्रभावित क्षेत्र में जौ विधानसभा क्षेत्र है उसपर गया पुलिस द्वारा सभी इंतजाम करा लीए गये रही है। भारी संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल के साथ पुलिस पैरामेट्रीक बल की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। मोटर साइकिल पैट्रोलिग का भी व्यवस्था किया गया है। सेक्टर, जोनल, मतदान केंद्र पर पुलिस पदाधिकारी नियुक्त किए गए हैं। लगातार भ्मण सिल होकर हम लोग ठिक कर रहे हैं। दुसरी टिम है वह भी विभिन्न स्थानों पर चेकीग अभियान चला रही है। गया जिला के जो झारखंड राज्य के साथ बोडर लगता है। अंतरराज्यीय एवं जिला चेकपोस्ट पर क्रियाशील है जो अगले कडाई करवाएगे, सभी लोग से अपिल करना चाहुगा कि यह जो चुनाव है लोकतंत्र के लिए बेहद आवश्यक है। अपना मताधिकार का प्रयोग अवश्य करे, ड्रोन का भी सभी जगह रहेगे।

## बुज़ुर्ग के लिए सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल ने रक्त उपलब्ध कराया

(न्यूज12 भारत)

धनबाद के सरकारी अस्पताल एसएनएमएमसीएच (पीएमसीएच) में ईलाजरत 72 वर्षीय बुज़ुर्ग नमिता सिन्हा की हालत को देखते हुए डॉक्टर ने तत्काल दो यूनिट ओ पॉजिटिव रक्त चढ़ाने की सलाह मरीज के परिजन को दिया जिसमें से एक यूनिट रक्त मरीज के घर के सदस्य ने दिया।

उपरोक्त बातें संस्था की महिला सक्रिय सदस्य सोनाली नायक ने संस्था के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान को दिया सूचना मिलने के पश्चात श्री चौहान ने श्रीनिवास ब्लड सेंटर प्रबंधक से बात कर मरीज के लिए एक यूनिट ओ पॉजिटिव रक्त की रक्त प्रदान करने का आग्रह किया इसके कुछ ही देर बाद ब्लड सेंटर द्वारा





मरीज के परिजन को रक्त प्रदान कर दी गई, मरीज को तबीयत अब पहले से काफी ठीक हैं संस्था के संस्थापक ने कहा कि यदि आगे भी इन्हें रक्त की आवश्यकता पडी तो संस्था के द्वारा इन्हें उपलब्ध करा दी जाएगी।

## रामनवमी जुलूस के दौरान हुए हादसे मे घायल आजसू केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह रिम्स में जाकर मरीजों से मिले

(न्यूज12 भारत)

रांचीः रामनवमी जुलूस के दौरान हुए हादसे को लेकर आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने मृत एवं घायल लोगों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की वही उनके दिशा निर्देशानुसार पर केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह अस्पताल पहुंच कर घायलों का कुशल क्षेम जाना और जल्द स्वस्थ होने की कामना की अस्पताल प्रबंधन से किसी भी प्रकार की जरूरत पड़ने पर मदद करने का आश्वासन दिया है, वही परिवार वालों से भी बातचीत कर आगे हर संभव मदद करने की बातें



कही है ।।बता दे की झारखंड के लोहरदगा जिले में बुधवार को रामनवमी पर बड़ा हादसा हो गया। इस घटना में एक की मौत हो गई। कई लोग घायल हो गए। इनमें से कुछ को बेहतर इलाज के लिए रिम्सा, रांची रेफर किया गया। जानकारी के मुताबिक रामनवमी को लेकर शोभायात्रा निकाली गई थी। एस के राणा चौक के समीप पहुंचने पर शोभायात्रा के साथ डीजे लगा वाहन दुर्घटनाग्रस्ती हो गया। इसके बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। लोग अपनी जान बचाकर भागने लगे।

श्रद्धालुओं के मुताबिक शोभायात्रा के पीछे-पीछे एक वाहन चल रहा था। इसमें डीजे लगा था। गियर में ही वाहन का ड्राइवर चला रहा था। इसी क्रम में वाहन जुलूस में शामिल लोगों को रौंदते हुए 10 मीटर तक चला गया। इसमें करीब डेढ़ दर्जन लोग घायल हो गए। इस घटना में घायलों को इलाज के लिए सदर अस्प ताल पहुंचाया गया। तीन लोगों की स्थिति गंभीर होने पर उन्हेंय इलाज के लिए रिम्सप रेफर किया गया। इसमें से एक की रास्ते में मौत हो गई। मृतक की पहचान सोनी कुमारी के रूप में हुई है।

# सिंदरी व निरसा विस के बीएलओ को दिया प्रशिक्षण

(न्यूज12 भारत)

धनबाद : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव 2024 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से न्यू टाउन हॉल में सिंदरी एवं निरसा विधानसभा के बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण, कुलदीप, कुमार वंदन ने बीएलओ को महिला, पुरुष, सीनियर सिटीजन, पर्सन विद डिसेबिलिटी (पीडब्ल्यूडी), दृष्टिबाधित मतदाता, वोटर इनफॉरमेशन स्लिप, वोटर कार्ड के अलावा आयोग द्वारा प्रमाणित अन्य 12 दस्तावेज, मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी, रैंप, फर्नीचर, शेड, क्यू मैनेजमेंट (कतार प्रबंधन), उचित संकेत (साइनेज) इत्यादि के बारे में जानकारी दी।

प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ को बताया गया कि हर मतदान केंद्र में महिला, पुरुष एवं दिव्यांग व




सीनियर सिटीजन मतदाताओं की लाइन रहेगी। प्रयास करना है कि दिव्यांग एवं सीनियर सिटीजन मतदाता अधिक देर तक लाइन में खड़े नहीं रहे।

साथ ही बताया गया कि नॉमिनेशन के अंतिम दिन से मतदान के 5 दिन पहले बीएलओ को स्वयं मतदाताओं के बीच वॉटर इनफॉरमेशन स्लिप बांटनी है।

साथ ही बताया गया कि वोटर कार्ड के अलावा पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्र या राज्य सरकार द्वारा जारी फोटो युक्त पहचान पत्र, बैंक या पोस्ट ऑफिस द्वारा जारी फोटो युक्त पासबुक, पैन कार्ड, नेशनल पापुलेशन रजिस्टर, मनरेगा जॉब कार्ड, हेल्थ कार्ड, फोटो युक्त पेंशन पत्र, आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेज से मतदाता वोटिंग कर सकते हैं।

प्रशिक्षण के अंत में ईवीएम पर मतदान की प्रक्रिया से सभी को रूबरू कराया गया।

## झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति का बैठक संपन्न



(न्यूज12 भारत)

धनबादः गुरुवार को झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति का एक बैठक एलसी रोड हीरापुर में संपन्न हुआ। इस बैठक की अध्यक्षता टनी बनर्जी ने किया।

बैठक में सभी वक्ताओं ने एक सुर से कहा कि झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति ने अभी तक धनबाद लोकसभा क्षेत्र से किसी भी प्रत्याशी को अपना समर्थन नहीं दिया है। अगर संगठन के किसी भी साथी अगर किसी भी प्रत्याशी को अपना समर्थन देता है तो वह उसका व्यक्तिगत समर्थन है ना कि संगठन का। संगठन में रहकर किसी भी सदस्य आम सहमति के बिना किसी प्रत्याशी को अपना समर्थन देता है तो वह अपना निजी लाभ लेने के लिए समर्थन दे रहा है वह व्यक्ति संगठन के खिलाफ काम कर रहा है, इसके खिलाफ संगठन उचित कार्रवाई करेगा।

समिति का अगला अगला बैठक 28 अप्रैल को रखा गया है और उसी दिन धनबाद लोकसभा प्रत्याशी जिनका समर्थन समिति द्वारा किया जाएगा उनके नाम की घोषणा की जाएगी।

बैठक में मुख्य रूप से भवानी बंदोपाध्याय,सम्राट चौधरी, कल्याण घोषाल, कल्याण भट्टाचार्य, राणा चट्टराज, सुशोभन चक्रवर्ती, बादल सरकार, कल्याण राय, सुरजीत चंद्रा, रघुनाथ राय, देवाशीष पांडे,शिबू चक्रवर्ती, काशीनाथ मंडल, राजू प्रमाणिक, युधिष्ठिर महतो, मिंटू दास, मानिकचंद महतो, प्रकाश मिश्रो, अमिताभ बैनर्जी उपस्थिति थे।

### महिलाओं एवं पुरुषों के लिए रायल युनिसेक्स फेयर ब्यूटी में 40% आफर मंत्री ने किया उद्घाटन



(न्यूज12 भारत)

गया। पुरुष एवं महिलाओं के लिए अच्छे सैलून गया मे रॉयल युनिसेक्स फेयर एंड ब्यूटी सैलून का उद्घाटन डॉक्टर प्रेम कुमार के हाथों हुआ है ।तान्या शर्मा ने मंत्री का भव्य स्वागत किया गया है।जिनकी प्रोपराइटर मधु शर्मा ने बताया कि पुरुष के लिए हेयर कट,हेयर का सभी तरह जो पुरुष का ब्लिच,फेशीयल के अलावा पुरुष को एक छत के निचे सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।वही महिलाओं के लिए फेशीयल, हेयर कट, हाथ और पैर की वैक्सीग, मेनीक्योर, पेडीक्योर, ब्लीच थ्रेडिंग, और स्पेशल बोडी वैक्सी, बौडी ब्लिच, ब्राइडल मेकअप,लाइट मेकअप, पाट्री मेकअप, इंगजेमेंट मेकअप, हेयर स्टेटनीग, हाइ लाइटस केरटीन, हेयर स्पा आदी महिलाओं को एक छत के निचे सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी कम से कम अच्छा तरीका से किया जा रहा है। इस मौके पर रितिक युवराज, इंदु प्रजापति, राजकुमार अग्रवाल,हरे राम सिंह आदी काफी संख्या में महिलाएं पुरुष उपिस्थत थे।

## भाजपा एसटी मोर्चा रांची लोकसभा की बैठक प्रदेश कार्यालय में हुई

- मोर्चा द्वारा 25 अप्रैल तक मंडल स्तर की बैठक और 30 अप्रैल तक रांची लोकसभा क्षेत्र में पड़ने वाले सभी विधानसभा में जनजाति सम्मेलन किया जाएगा
- जनजाति मोर्चा के कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर राज्य सरकार की नाकामियों एवं मोदी सरकार की उपलब्धियों को बतायेंगे
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिल मे बस्ते है आदिवासी समाज
- आदिवासी का विकास सिर्फ भाजपा कर सकती हैः बाबूलाल मरांडी

(न्यूज12 भारत)

रांची : भारतीय जनता पार्टी एसटी मोर्चा रांची लोकसभा की बैठक की अध्यक्षता एस टी लोकसभा प्रभारी रामकुमार पाहन ने किया।

बैठक मे मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि




भारतीय जनता पार्टी ही जनजाति समाज का विकास कर सकती है।

कहा कि भाजपा ने झारखंड राज्य का निर्माण, जनजाति मंत्रालय का गठन, द्रौपदी मुर्मू को देश का राष्ट्रपति बनाना, मोदी सरकार में 8-8 जनजाति मंत्री, आदिवासी महापुरुषों को सच्ची श्रद्धांजलि के लिए जनजाति गौरव दिवस, पीएम जनमन योजना सहित कई ऐतिहासिक कार्य भाजपा ने किया है।

कहा कि लोकसभा चुनाव में जनजाति मोर्चा के कार्यकर्ता प्रत्येक गांव में जन संपर्क अभियान चला कर मोदी सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं मोदी सरकार की 10 वर्षों की उपलब्धियों को बताएँ।

श्री मराण्डी ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता जनजाति समाज की बहुलता वाले गाँव में जाकर शत प्रतिशत मतदान कराएँ।

श्री मराण्डी ने कहा कि राज्य में झामुमों- कांग्रेस-राजद की सरकार ने जनजाति समाज को पिछले विधान सभा चुनाव में गुमराह एवँ प्रलोभन देकर झारखंड में सरकार बनाया था, उसका पर्दाफाश करें।

वर्तमान राज्य सरकार की नाकामियों एवं मोदी सरकार की उपलब्धियों को मोर्चा के जनजाति नेता-कार्यकर्ता 25 अप्रैल तक मंडल स्तर की बैठक और 30 अप्रैल तक रांची लोकसभा क्षेत्र में पड़ने वाले सभी विधानसभा में जनजाति सम्मेलन करेंगे।

बैठक में रामकुमार पाहन, ठानो मुंडा, अर्जुन मुंडा, सुनील फकीरा कच्छप, बुधराम बेदिया, अनिल महतो, रवि मुंडा, नकुल तिर्की, रोशनी खलखो, जीतनाथ बेदिया, सुनील उरांव, नूतन पाहन, रुपलक्ष्मी मुंडा, मनमोहन भोक्ता, अशोक मुंडा, अरविंद तिर्की तथा सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

# पशुपतिनाथ मंदिर, कांके में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान 20 से 24 अप्रैल तक, शनिवार को सुबह भव्य कलश यात्रा निकलेगी

(न्यूज12 भारत)

रांची: बिरसा कृषि विश्वविद्यालय परिसर, कांके स्थित छह दशक प्राचीन पशुपतिनाथ मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान 20 से 24 अप्रैल तक होगा।

प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार कर 61 फीट ऊंचे गुंबद, लगभग 2000 वर्ग फीट के सभागार तथा 1000 वर्ग फीट के गर्भगृह एवं परिक्रमा का निर्माण किया गया है। मंदिर में जबलपुर से मंगवाये गये तीन फीट ऊँचे भगवान नर्मदेश्वर शिवलिंग के अलावा माता पार्वती, भगवान गणेश, कार्तिकेय, नंदी बाबा, माँ दुर्गा, हनुमान जी एवं रथारूढ़ सूर्य भगवान् की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। नांदेड़, महाराष्ट्र के शिल्पकारों द्वारा निर्मित किए गए 61 फीट ऊंचे गुम्बद के ऊपर तीन स्तरों पर लक्ष्मी माता, विष्णु भगवान्, दुर्गा माता, भगवान शिव, गणेश जी एवं सूर्यदेव, राधा जी, कृष्ण जी, हनुमान जी, सीता माता, भगवान राम एवं विश्वकर्मा जी, बाबा गोरखनाथ, परशुराम जी, आदि शंकराचार्य, स्वामी विवेकानंद, भगवान बुद्ध एवं महाराजा अग्रसेन की आकर्षक प्रतिमा स्थापित है।





पशुपतिनाथ टेंपल मैनेजमेंट सोसायटी के अध्यक्ष डॉ रामदेव प्रसाद गुप्त तथा सचिव डॉ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार 20 अप्रैल को सुबह 6 बजे मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकलेगी जो कांके ब्लाक चौक होकर वापस मंदिर के सामने से गुजरते हुए आरवीसी-होचर जुमार पुल के नीचे नदी से जल लेकर मंदिर परिसर में आएगी जहाँ कलश स्थापित किया जायेगा। कलश यात्रा में माताएं, बहनें, युवा, बुजुर्ग, बच्चे सभी बड़ी संख्या में भाग लेंगे। वापसी पर मंदिर में वरुण पूजन के पश्चात पंचांग पूजन का अनुष्ठान है। यह मंदिर रांची रिंग रोड से लगभग 700 मीटर दक्षिण होचर-कांके ब्लाक रोड पर बकरी अनुसंधान प्रक्षेत्र के सामने अवस्थित है।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह के समस्त वैदिक अनुष्ठान पशुपतिनाथ मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सुनील कुमार पांडेय के नेतृत्व में सात सदस्यीय ऋत्विक मंडली द्वारा संपन्न किए जाएंगे। इनमें आचार्य (डॉ) विमलेश द्विवेदी एवं आचार्य अतुल तिवारी (प्रयागराज), आचार्य अभिषेक पांडेय (वाराणसी), पंडित सुशील पांडेय (आरा), आशीष त्रिपाठी शास्त्री (मोतिहारी) तथा पंडित मृत्युंजय तिवारी (रांची) शामिल हैं। लगभग 1000 वर्ग फीट में अस्थायी यज्ञशाला का भी निर्माण किया गया है।

**23 अप्रैल से 24 अप्रैल तक 24 घंटे का होगा अखंड हरिकीर्तन**

प्रतिदिन सुबह 6 से 9 बजे एवं अपराह्न 4.30 से 6.30 बजे तक धार्मिक अनुष्ठान होंगे। शाम 6.30 से 8.30 तक प्रतिदिन भजन कीर्तन का आयोजन है। 23 अप्रैल को सुबह 8.00 बजे से 24 अप्रैल की सुबह तक 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन होगा। आखिरी दिन 24 अप्रैल को देव विग्रहों में प्राण प्रतिष्ठा, कन्या पूजन, प्रसाद भंडारा तथा प्रसिद्ध गायिका श्रुति देशमुख एवं मंडली द्वारा भजन कार्यक्रम का आयोजन है। इस दिन मंदिर जीर्णोद्धार के विभिन्न चरणों में योगदान देने वाले शिल्पकारों एवं मजदूरों का सम्मान भी किया जाएगा।

# बुथो पर विशेष निगरानी की व्यवस्था,सभी लोग अधिक से अधिक मतदान करे जिलाधिकारी ने लोगों से किए

(न्यूज12 भारत)

गया।भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर शुक्रवार को गया जिला में अठराह लाख सोलह हजार आठ सौ पन्द्रह लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करेगे, जिससे पुरुष 15,89,381,. महिला 14,68,308।अन्य 49 है

चुनाव आयोग का यह भी निर्देश दिए गए हैं जहा दिव्याग ज्यादा है वहा पर व्यवस्था कराए,जिला के शेरधाटी मे एक क्षेत्र में ऐसा गांव पाया गया है वहा व्यवस्था कराए गये है।1887 गया संसदीय क्षेत्र में मतदान केंद्र है

कल नौ विधानसभा में तिन विधानसभा से सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक मतदान कराए जाएंगे,सभी मतदाता को पहचान पत्र लाना जरूरी है। पहचान के रुप में बारह तक के आइडी कार्ड ला सकते हैं,प्रची जो वाटा गया है वह प्रयापत्र नही है। रुपये के धर पकडने के संधन करवाई लगातार हो रही है। अभी तक गयारह लाख तेढासी हजार राशी पकडी गयी है।सोलह प्रत्याशी मेदान में है,तिन एसे मतदान केंद्र महिला द्वारा संचालित होगे, वसुंधरा केंद्र भी रहेगा, जिला प्रशासन एवं निर्वाचन आयोग के प्रयासो का प्रतिफल अच्छा रहेगा,मेरी उम्मीद नहीं मेरा भरोसा है जिलाधिकारी डा एस एम त्यागराजन ने कहा।



144 के तरह प्रतिबंध रहेगा हर बुथ,बुथ के दो सो की परिधी मे लोग रह सकते हैं। लेकिन भिड नही लगा सकते हैं।कोई पोलिटिकल गतिविधियों का पुरी तरह प्रतिबंध रहेगा,पोलिग ऐजेटस नियुक्त किया गया है।पोलिग ऐजेटस मे कुछ तब्दील किया गया है।पोस्टल बैलट नौ हजार लोग वोट किए हैं, सरकारी नौकरी वाले लोग भी वोटीग कराया जा रहे हैं।पोस्टल वेलेट के जानकारी सभी प्रत्याशी को दिया जा रहा है।इस पुरे मेहनत का फल तभी मिलेगा,जब सभी गया जिला वासियों को अधिक से अधिक मतदान केंद्र पर लोग पहुचे यही गया वासियों को निवेदन करता हूं।गया जिला लोकतंत्र में अच्छा फल देगा,आप सभी मिडिया कर्मियों का पुरा सहयोग मिला है।वही एस एस पी आशिष भारती ने बताया की एसे नक्सल क्षेत्र के बुथ को चिह्नित किया गया है।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार एवम् भ्रष्टाचार निवारण, भारत के धनबाद ईकाई के सदस्यों के द्वारा धूमधाम से मनाई रामनवमी

(न्यूज12 भारत)

धनबाद : हर वर्ष कि तरह इस वर्ष भी राष्ट्रीय मानवाधिकार एवम् भ्रष्टाचार निवारण, भारत के धनबाद ईकाई के सदस्यों के द्वारा रामनवमी कार्यकर्म बहुत ही सुंदर एवम् भव्य तरीका से अखाड़ों के खिलाड़ियों एवम् श्रद्धालुयो के बिच ठंडा पानी, शर्बत एवम् प्रशाद के रुप में बुंदिया का वितरण कर साथ में फर्स्ट ऐड का बेबस्था कर सभी सदस्यों के द्वारा शांति पूर्वक मनाया गया, इस कार्यकर्म में संघठन से जुड़े सभी धर्म के सद्स्य अपना अपना बढ़ चढ़ कर भागीदारी दी, समाज में एक भाईचारे के संदेश देने का कार्य किया गया, कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी



कार्यकर्त्ता एवम् पधाधिकारी अपना अपना अहम भूमिका निभाई, कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव झारखण्ड के श्री राजेश गुप्ता ने कहा की ये कार्यक्रम हमलोगो के द्वारा प्रति वर्ष किया जाता है, इस तरह का कार्यक्रम करने से समाज में एक अच्छा संदेश पहुंचता हैं की संघठन में हम सब हिंदू, मुस्लिम, सिख,ईसाई एक मंच में मौजूद होकर एक साथ भाईचारा के साथ कार्यक्रम को पुरा किया जाता हैं, श्री गुप्ता जी ने मंच में सभी को संबोधित करते हुए कहा की राष्ट्रीय मानवाधिकार एवम् भ्रष्टाचार निवारण, भारत के टीम हर समय शोषित,पीड़ित लोगों के लिए खड़े है जब भी किन्ही को दिक्कत या जरुरत पढ़े वो जरूर से जरूर संहठन से सम्पर्क करें उनकी सहायता की जाएगी

# महागठबंधन की 21की न्याय उलगुलान रैली केन्द्र सरकार की अन्याय का पर्दाफाश करेगा :राकेश सिन्हा

(न्यूज12 भारत)

रांची : 21 अप्रैल को आयोजित उलगुलान रैली को लेकर आज कांग्रेस भवन, रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया।इस संवाददाता सम्मेलन में इंडिया गठबंधन के कांग्रेस से प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी, झामुमो के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, मनोज पाण्डेय, राजद से कैलाश यादव, भाकपा माले से नदीम खान, आप से रोहित श्रीवास्तव प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

मीडिया को सम्बोधित करते हुए प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि यह रैली ऐतिहासिक होगी. साथ ही कहा कि अन्याय के खिलाफ यह शंखनाद होगा. उन्होंने कहा कि यह रैली न केवल झारखंड की बल्कि देश की दशा और दिशा तय करेगी. झारखंड संघर्षों की भूमि रही है. इस धरती से जो आवाज उठेगी वह केंद्र की सत्ता पलटने में कारगर साबित होगी।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केवल मुद्दों से सभी का ध्यान भटकाने का काम करते है. वह नवरात्र में मीट और मछली की बात तो करते है. लेकिन महंगाई और बेरोजगारी की बात नहीं करते. वह लगातार कई दौरे पर आए, कई इवेंट हुए लेकिन उनके मुंह से एकबार भी सरना धर्म कोड की बात बाहर नहीं आई. उन्होंने कहा कि अग्नीवीर इस राज्य से भी कई युवा सेना में भर्ती होते है. जिस तरह से सेना का अपमान किया जा रहा है. युवाओं को दिग्भ्रमित किया जा रहा है. सेना का यह अपमान प्रधानमंत्री ने अपनी नियत बना ली है. राकेश सिन्हा ने कहा कि गाय के नाम पर कई निर्दोष लोगों की जान गई. हत्याएं भी हुई. जिसका फलाफल यह मिला कि इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से प्रधानमंत्री गौकशी कंपनियों से 250 करोड़ रुपए चंदा लिया. उन्होंने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि बीजेपी नेता संविधान बदलने की बात करते है. पीएम नरेंद्र मोदी अपने नेताओं से यह बोलवाने का काम करते है.

मीडिया को सम्बोधित करते हुए झामुमो के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियोग भट्टाचार्य ने कहा कि राजधानी में 21 अप्रैल को प्रभात तारा मैदान में जेएमएम की न्याय उलगुलान महारैली होने वाली है. इसके लिए इंडी गठबंधन के नेताओं को भी न्योता दिया गया है. जिसमें राजद सुप्रीमो लालू यादव, तेजस्वी यादव, कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खड़ग एवं राहुल गांधी भी इस महारैली में जुटेंगे। इसके अलावा आप नेता संजय सिंह, अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने आने की सहमति दी है. उद्धव ठाकरे की ओर से प्रियंका चतुर्वेदी भी इस महारैली में शामिल होंगी. जबकि नेशनल कांफ्रेंस से फारूख अब्दुल्ला एवं माले के दीपकंर भट्टाचार्य भी इसमें शामिल होंगे।

जेएमएम के केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 2001 में मोरहाबादी मैदान में रैली हुई थी. लोग रैली में शामिल होने के लिए सुबह से जुट रहे थे. झारखंड की सबसे बड़ी रैली थी. जून का महीना था और रैली समाप्त होने के बाद भी अगली सुबह तक लोग रैली में पहुंचे थे. उन्होंने कहा कि यह न्याय उलगुलान महारैली भी ऐतिहासिक होगी. हम सहयोगी दल न्याय के लिए मिलकर जुटेंगे. राज्य में वरीय नेताओं से बातचीत के आधार पर अंदाजा लगाया जा रहा है कि अकेले जेएमएम के 3 लाख से ज्यादा कार्यकर्ता जुटेंगे. वहीं अन्य दलों के भी 2 लाख कार्यकर्ता जुटेंगे. 5 लाख लोग प्रभात तारा मैदान में आएंगे. साथ ही उन्होंने कहा कि यह रैली झारखंड में ठीक चुनाव से पहले हो रही है. इसलिए झारखंड में इसे चुनाव का शंखनाद कहा जाएगा. उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के लिए हरसंभव इंतजाम रैली स्थल में किए जाएंगे।

राजद के महासचिव कैलाश यादव ने कहा कि जहां पर उलगुलान महारैली होगी वह इलाका भी एचईसी में आता है. एचईसी के कर्मियों को 22 महीने से वेतन नहीं मिला है. दस साल से बीजेपी के सांसद रहे. उनकी जवाबदेही तय होगी. हमारे वरीय नेता आएंगे उनके सामने भी इन बातों को रखा जाएगा. दस सालों में जो झूठे सपने दिखाए उसका भी पर्दाफाश करेंगे. जिस तरह से हमारे लोकप्रिय नेता हेमंत सोरेन को ईडी ने साजिश के तहत जेल भेजने का काम किया है. इंडिया काफी मजबूत है.

# सीता सोरेन के खिलाफ नलिन सोरेन का बयान झामुमो के अंदरूनी खूनी मानसिकता को उजागर करता है :बाबूलाल मरांडी

- झामुमो द्वारा भाजपा की महिला प्रत्याशियों पर हमले की धमकी देना उनके कायरता और चुनाव के पूर्व ही उनकी पराजय को दर्शाता हैः बाबूलाल मरांडी।




(न्यूज12 भारत)

रांची : दुमका से झामुमो प्रत्याशी नलिन सोरेन द्वारा वहां की भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के खिलाफ आज दिये गये दुर्भाग्यपूर्ण बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि नलिन सोरेन जैसे वरिष्ठ नेता का आज का वक्तव्य झामुमो के उस अंदरूनी ख़ूनी मानसिकता को भी उजागर करता है जिसमें हेमंत सोरेन का विरोध करने वालों पर जानलेवा हमला भी कराया जा सकता है।

उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि कहीं दुर्गा सोरेन जी की मौत भी इसी ख़ूनी मानसिकता का परिणाम तो नही है!

उन्होंने कहा कि वजह जो भी हो, झामुमो द्वारा भाजपा की महिला प्रत्याशियों पर हमले की धमकी देना उनके कायरता और चुनाव के पूर्व ही उनकी पराजय को दर्शाता है।

श्री मरांडी ने चुनाव आयोग एवं राज्य की पुलिस से मांग की है कि गीता कोड़ा जैसा जानलेवा प्रकरण सीता सोरेन के साथ भी न हो, इसके लिये उचित कार्यवाई सुनिश्चित करें एवं डीजीपी इस पर संज्ञान लें।

# धनबाद पहुंचने पर कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा का महिला कांग्रेस ने किया जोरदार स्वागत

- पार्टी ने जो सम्मान दिया है उसे पूरा करना मेरी पहली प्राथमिकता

(न्यूज12 भारत)

धनबाद:इंडिया गठबंधन से धनबाद संसदीय सीट के लिए कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के धनबाद पहुंचने पर पार्टी की धनबाद नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष पूनम देवी सहित उनके समर्थकों ने गाजे बाजे के साथ पहुंचकर माला पहनकर उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा की हर गरीब महिला को चाहे वह मजदूरी करें, खेती करें या छोटी नौकरी करें हर गरीब महिला को साल में एक लाख रुपए देने की घोषणा की गई है। साथ ही साथ महिला सशक्तिकरण को भी मजबूत बनाने उन्होंने संकल्प लिया। अनुपमा सिंह ने कहा की टिकट देकर पार्टी ने उन्हें जो अवसर दिया है उसे पर वह शत प्रतिशत



खरा उतरेगी। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र हमारे परिवार की कर्म भूमि रही है. यहां के एक-एक मजदूर कि मैं ऋणी हूं। समय आ गया है कि आपका आशीर्वाद से एक बार जनहित और महिलाहित में कुछ करके दिखाओ तथा महिलाओं का उनका अधिकार और हक दिलवा सकूं। उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि केंद्र की मोदी सरकार की महंगाई सहित विभिन्न जनहित विरोधी नीति के खिलाफ वह हमें जिताकर सेवा का अवसर जरूर देंगे। कार्यक्रम को पूनम देवी सहित अन्य कांग्रेस महिला वक्ताओं ने बारी-बारी से संबोधित कर धनबाद संसदीय सीट से कांग्रेस को जीतने का संकल्प लिया।

# रामनवमी के शुभ अवसर पर महावीर धाम, वजीरगंज में उमड़ा जन सैलाब

(न्यूज12 भारत)

गया । जिला मुख्यालय से करीब 25 किलोमीटर की दूरी पर वजीरगंज स्टेशन के पास महावीर धाम स्थापित किया गया है जो की उपकार बाबा की पुश्तैनी जमीन हुआ करता था जिसको उपकार बाबा ने महावीर धाम ट्रस्ट को दान देकर प्रण किया है, कि यहां भव्य महावीर मंदिर का निर्माण कराया जाएगा और लोगों के लिए इसे सार्वजनिक कर जन कल्याण के लिए भेंट कर दी जाएगी।

क्योंकि यह मंदिर में स्थापित भगवान महावीर काफी जागृत है और उपकार बाबा इन्ही के शिष्य हैं। उपकार बाबा से बात किया हमारे संवाददाता राकेश कुमार मिश्रा उपकार बाबा का मानना है की भगवान महावीर एवं माता रानी के आशीर्वाद से ही मैं लोगों का दुख दर्द या रोग व्याधि को दूर कर पाता हूं।




मैं तो एक तुच्छ बालक हूं और भगवान महावीर का अनन्य भक्त हूं, यह महावीर की कृपा ही तो है कि महाबीर धाम में लोग रोते हुए आते हैं और हंसते हुए जाते हैं। बाबा आगे बताते है कि मैं ग्राम कढऔना थाना वजीरगंज जिला गया का निवासी हूं मेरे पिताजी का नाम स्वर्गीय महेश सिंह एवं माता संजू देवी है, मेरे पिताजी का देहांत मेरे 10 वर्ष की आयु में हो गया था तब मेरी मां संजू देवी ने बड़ा कष्ट से मेरा लालन-पालन किया। चुकी मेरा लालन पालन बड़ा है कष्ट से हुआ इसीलिए मुझे हर गरीबों एवं मजबूरो में उपकार नजर आता है।

मैं अपना बचपन याद करता हूं और उसमें सहायक होते हैं, मेरे आराध्य महावीर जिनके आशीर्वाद से ही मैं कुछ कर पाता हूं लोगों के लिए,

बाबा आगे बताते हैं की जिस किसी मजबूर या गरीब लड़की की शादी विवाह धन के अभाव में प्रभावित होता है तो वैसे गरीब कन्याओं का मैं मुफ्त में शादी करवाउंगा, और जो भी दान दहेज की सामग्री होगी वह महावीर धाम के माध्यम से उसको सम्पन्न किया जाएगा। उनके इस चमत्कार से गांव एवं आस पास के लोग काफी प्रभावित हैं। और इसकी पुष्टि करता है वहां भक्तों का उमड़ा जन सैलाब

उसे भीड़ में एक सज्जन थे- मैंने उनसे बात किया उन्होंने अपना नाम बताया डॉक्टर एस एन सिंह जो कि महावीर हाई स्कूल गया से रिटायर्ड शिक्षक हैं। उन्होंने बताया की उपकार बाबा को कम उम्र के समझाने की भूल न करें। क्योंकि रामचरित्र मानस में वर्णित है--रावनु रथी बिरथ रघुवीरा।

देखि बिभीषण भयउ अधीरा।।

नाथ न रथ नही तन पद त्राना।

केहि बिधि जितब बीर बलवाना।।जिसका अर्थ है--

रावण को रथ पर और श्री रघुवीर को बिना रथ के देखकर विभीषण अधीर हो गए, हे नाथ आपका न तो रथ है, और न तो तन की रक्षा करने वाला कवच है। और न तो पैरों में जूता हीं है। वह बलवान वीर रावण किस प्रकार जीता जाएगा?

स्थानीय मुखिया अभय सिंह -घुरियावां कढाओना ने बताया कम उम्र में हीं ख्याती हमारे उपकार बाबा का बढ़ रहा है लोगों को संदेश जा रहा है कि हनुमान मंदिर का विजन इनका बचपन से ही यह कृत संकल्पित है उनके चमत्कार और सेवा भाव से लोग अभी भूत हैं। यह जो संकल्प लेते हैं उसे कर कर दिखाते हैं।